# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा / माध्य / मा–स / पर्यावरण (36) / वो–2 / 2025 /    दिनांक : As in E-Sign

**समस्त संयुक्त निदेशक,**
**स्कूल शिक्षा।**

**विषय :–** इको क्लब फॉर मिशन लाईफ पोर्टल के क्रम में।

**प्रसंग :–** आयुक्त एवं राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर का पत्र क्रमांक : रास्कूशिप / वै.शि. / ईको क्लब / 2024–25 दिनांक : 23.04.2025

**सन्दर्भ :–** इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक : 15.04.2025 (राजकाज रेफरेन्स नं.– 14737847), 18.04.2025 (राजकाज रेफरेन्स नं.– 14811773) एवं 21.04.2025 (राजकाज रेफरेन्स नं.– 14813182)

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रसंगानुसार भारत सरकार द्वारा **ईको क्लब फॉर मिशन लाईफ** वेब पोर्टल लॉन्च किया गया है, जिस पर प्रत्येक राजकीय व निजी विद्यालय को लॉगिन / रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है व सम्बन्धित गतिविधियों का आयोजन करवाकर पोर्टल पर अपलोड करवाया जाना है।

इसी क्रम में अवगत करवाया गया है कि भारत सरकार द्वारा विद्यालयों के लिए 9–11 एएम पर ईको क्लब फॉर मिशन लाईफ वेब पोर्टल के प्रयोग व समस्याओं के समाधान हेतु Hand Holding Sessions प्रतिदिन आयोजित किए जा रहे हैं, जिसका लिंक वेब पोर्टल (https://ecoclubs.education.gov.in) पर उपलब्ध है।

उक्त क्रम में लेख है कि इस कार्यालय के सन्दर्भित पत्रों के माध्यम से मिशन लाइफ के लिए इको क्लब के गठन, उक्त क्रम में आयोजित विभिन्न गतिविधियों को अपलोड़ किये जाने वाले समर्पित पोर्टल, प्रशिक्षण सत्र दिनांक : 16.04.2025 के द्वारा ऑनलाईन मोड / यूट्यूब लाईव के माध्यम से प्रशिक्षण, समस्त संस्था–प्रधानों के राज्यवार अभिमुखीकरण कार्यक्रम दिनांक : 19.04.2025 एवं मिशन लाइफ के लिए इको क्लबों के माध्यम से **"फ्लोरा के लिए क्यूआर कोड"** नामक शैक्षिक पहल के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा–निर्देश समस्त विभागीय अधीनस्थों हेतु जारी किये गये थे।

अतः सन्दर्भित पत्रों की निरन्तरता एवं प्रासंगिक पत्रानुसार वांछित कार्यवाही के क्रम में निर्देशित किया जाता है कि आप अपने क्षेत्राधिकार में **ईको क्लब फॉर मिशन लाईफ** के सफल एवं सुचारू संचालन बाबत जिला प्रभारी, ब्लॉक प्रभारी व विद्यालय प्रभारी नियुक्त करवाते हुए, सभी विद्यालयों में सम्बन्धित पोर्टल पर लॉगिन करवाने के साथ ही सम्बन्धित गतिविधियों के आयोजन की प्रभावी मॉनिटरिंग करना सुनिश्चित करावें।

**इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देवें।**

**संलग्न : यथोक्त।**

(डॉ. अरूण कुमार शर्मा)
**जिला शिक्षा अधिकारी**
गुणवत्ता एवं प्रशिक्षण
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

Signature Not Verified
Digitally signed by Arun Kumar
Designation : District Education Officer
Date: 2025.05.07 15:39:16 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 14977546